# यू.के.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा-2012
# भारत एवं विश्व का भूगोल
# (पेपर-IV)
# UKPSC Mains Exam-2012
# Geography of India and World
# (Paper-IV)

## भाग-1/Part-1

(अधिकतम अंक- 30/Maximum Marks– 30)

**नोट :** इस भाग में कुल **15** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये **02** अंक निर्धारित हैं।
**Note:** There are **15** questions in this part. All questions are compulsory. Each question carries **02** marks.

1. धरातल पर महाद्वीपों एवं महासागरों की एक-दूसरे के विपरीत स्थिति को स्पष्ट कीजिये।[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]
   Explain the antipodal situation of continents and oceans on the earth. **[Answer Limit : 20 Words]**

2. पर्वतकटक और पर्वत श्रेणी का अंतर बताइए। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
   Differentiate between a Mountain Ridge and Mountain Range. **[Answer Limit : 20 Words]**

3. महासागरों में लवणता के नियंत्रक कारकों का उल्लेख कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
   Mention the controlling factors of salinity in oceans. **[Answer Limit : 20 Words]**

4. वायुमंडल के संघटन का वर्णन कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
   Describe the composition of atmosphere. **[Answer Limit : 20 Words]**

5. सापेक्षिक आर्द्रता पर टिप्पणी कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
   Comment on relative humidity. **[Answer Limit : 20 Words]**

6. संसार के उन चार क्षेत्रों का नाम लिखें जहाँ पर संसार की अधिकतर (दो-तिहाई) जनसंख्या संकेन्द्रित है। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
   Name the four regions of the world where most (two-third) of the world's population is concentrated. **[Answer Limit : 20 Words]**

7. संथाल भारत के किस राज्य की प्रमुख जनजाति है? **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
   Of which state of India, is the Santhal a main tribe? **[Answer Limit : 20 Words]**

8. आम्र वर्षा क्या है? **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
   What is Mango Shower? **[Answer Limit : 20 Words]**

9. मुख्य सीमांत भ्रंश क्या है? **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
   What is Main Boundary Fault? **[Answer Limit : 20 Words]**

10. गुजरात के प्रमुख तेल क्षेत्रों का विवरण दीजिये। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
    Give an account of the major oil fields of Gujarat. **[Answer Limit : 20 Words]**

11. खादर और बांगर क्या है? **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
    What is Khadar and Bangar? **[Answer Limit : 20 Words]**

12. उपस्थिति की अवस्था के अनुसार आग्नेय शैलों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**
    Present a classification of Igneous Rocks according to mode of occurrence. **[Answer Limit : 20 Words]**

13. उत्तराखण्ड की भौगोलिक स्थिति एवं क्षेत्रफल तथा चारों ओर के जनपदों एवं सीमावर्ती देशों का नाम घड़ी की सुई के दिशावत् दीजिये। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**

Give a geographical location and area of Uttarakhand and names of surrounding districts and bordering countries in clockwise direction. **[Answer Limit : 20 Words]**

14. 'बुग्याल' क्या हैं? कुछ मुख्य बुग्यालों का नाम दीजिये। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**

What are 'Bugyals'? Give the names of some important Bugyals. **[Answer Limit : 20 Words]**

15. उत्तराखण्ड के भावर और तराई मेखला का वर्णन कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 20 शब्द ]**

Describe the Bhabar and Tarai belts of Uttarakhand. **[Answer Limit : 20 Words]**

## भाग-2/Part-2

**( अधिकतम अंक- 50/Maximum Marks– 50 )**

**नोट:** इस भाग में कुल **10** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये **05** अंक निर्धारित हैं।
**Note:** There are **10** questions in this part. All questions are compulsory. Each question carries **05** marks.

16. 'अल नीनों' पर टिप्पणी कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

Comment on E1 Nino. **[Answer Limit : 50 Words]**

17. संवाहनीय वर्षा को समझाइये। **[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

Explain the convectional rain-fall. **[Answer Limit : 50 Words]**

18. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की बाधाओं को कम करने के लिये विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) कौन से तरीके अपनाता है? **[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

What are the ways the World Trade Organization (WTO) adopts to reduce barriers to international trade? **[Answer Limit : 50 Words]**

19. निर्वाह खेती और व्यावसायिक खेती की तुलना कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

Compare the Subsistence Agriculture and the Commercial Agriculture. **[Answer Limit : 50 Words]**

20. भारत में तीव्र जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारक क्या हैं? **[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

What are the chief factors of rapid population growth in India? **[Answer Limit : 50 Words]**

21. भारत के नगरों के तीन प्रमुख कार्यात्मक प्रकार कौन से हैं? उदाहरण दीजिये। **[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

What are three main functional types of cities of India? Give examples. **[Answer Limit : 50 Words]**

22. भारत की व्यापार नीति के क्या उद्देश्य हैं? **[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

What are the aims of the trade policy of India? **[Answer Limit : 50 Words]**

23. भारत में हरित-क्रान्ति की उपलब्धियों का संक्षेप में उल्लेख कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

Write in brief on the achievements of Green Revolution in India. **[Answer Limit : 50 Words]**

24. नंदादेवी चोटी के प्रमुख भौगोलिक लक्षण दीजिये। **[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

Give salient geographical features of Nanda Devi Peak. **[Answer Limit : 50 Words]**

25. 'उत्तराखण्ड का पर्यटन उद्योग प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से पर्यावरणीय ह्रास का दोषी है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिये।

**[ उत्तर सीमा: 50 शब्द ]**

'Tourism Industry is the direct and indirect victim of environmental degradation in Uttarakhand'. Explain this statement. **[Answer Limit : 50 Words]**

## भाग-3/Part-3

**( अधिकतम अंक- 40/Maximum Marks– 40 )**

**नोट :** इस भाग में कुल **07** प्रश्न हैं। अभ्यर्थी किन्हीं **05** प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिये **08** अंक निर्धारित हैं।

**Note:** There are **07** questions in this part. Candidate should attempt any **05** questions. Each question carries **08** marks.

26. वायुमंडल के चार मंडलों के नाम बताइये और सबसे नीचे वाले मंडल का वर्णन कीजिये।

**[ उत्तर सीमा: 125 शब्द ]**

Name the four layers of the atmosphere and describe the lowermost layer. **[Answer Limit : 125 Words]**

27. नदी डेल्टा को परिभाषित कीजिये और आकृति के आधार पर उनका वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिये।

**[ उत्तर सीमा: 125 शब्द ]**

Describe river delta and present their classification on the basis of shape. **[Answer Limit : 125 Words]**

28. उष्ण कटिबंधीय चक्रवात का एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 125 शब्द ]**

Present a brief description of tropical cyclone. **[Answer Limit : 125 Words]**

29. चट्टानों के आधार पर भारतीय मिट्टियों का वर्गीकरण कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 125 शब्द ]**

Classify Indian soils on the basis of rocks. **[Answer Limit : 125 Words]**

30. भारत के समुद्री यातायात के विकास का वर्णन कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 125 शब्द ]**

Describe the development of marine transport of India. **[Answer Limit : 125 Words]**

31. भारत में कोयला उत्पादक क्षेत्रों का वितरण प्रस्तुत कीजिये। **[ उत्तर सीमा: 125 शब्द ]**

Give the distribution of Coal producing areas of India. **[Answer Limit : 125 Words]**

32. 'उत्तराखण्ड में कृषि की तुलना में फलोद्यान अधिक आय अर्जित कर सकता है।' विवेचना कीजिये।

**[ उत्तर सीमा: 125 शब्द ]**

'Horticulture in Uttarakhand can earn more income, than agriculture.' Discuss.

**[Answer Limit : 125 Words]**

## भाग-4/Part-4

**(अधिकतम अंक- 80/Maximum Marks– 80)**

**नोट :** इस भाग में कुल **07** प्रश्न हैं। अभ्यर्थी किन्हीं **05** प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिये **16** अंक निर्धारित हैं।
**Note:** There are **07** questions in this part. Candidate should attempt any **05** questions. Each question carries **16** marks.

33. भूकम्प के कारणों का उल्लेख कीजिये और भूकम्पों का वर्गीकरण कीजिये। **[उत्तर सीमा: 250 शब्द]**
Mention the causes of earthquakes and present a classification of earthquakes.
**[Answer Limit : 250 Words]**

34. मैदान से आप क्या समझते हैं? अनाच्छादन प्रक्रिया द्वारा निर्मित मैदानों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिये।
**[उत्तर सीमा: 250 शब्द]**
What do you understand by plain? Give classification of plains formed through denudational process.
**[Answer Limit : 250 Words]**

35. कार्बन चक्र के काम करने की व्याख्या कीजिये। जंगलों के कटान से कार्बन चक्र किस प्रकार प्रभावित होता है?
**[उत्तर सीमा: 250 शब्द]**
Describe how does the Carbon cycle work. How is the working of the Carbon Cycle affected by deforestation? **[Answer Limit : 250 Words]**

36. 'भारत धनी देश है, किन्तु यहाँ के निवासी निर्धन हैं।' व्याख्या कीजिये। **[उत्तर सीमा: 250 शब्द]**
'India is a rich country inhabited by the poors.' Explain. **[Answer Limit : 250 Words]**

37. 'भारत के कृषक मानसून से जुआ खेलते हैं।' इस कथन का परीक्षण कीजिये। **[उत्तर सीमा: 250 शब्द]**
'Indian farmer gambles with the monsoon.' Explain this statement. **[Answer Limit : 250 Words]**

38. भारत में सूती-वस्त्र उद्योग के स्थानीकरण, विकास एवं उत्पादन पर प्रकाश डालिये। **[उत्तर सीमा: 250 शब्द]**
Throw light on the localization, growth and production of Cotton-Textile Industry in India.
**[Answer Limit : 250 Words]**

39. वर्गीकरण का आधार देते हुए, उत्तराखण्ड हिमालय को बृहत भौतिक प्रदेशों में विभाजित कीजिये एवं प्रत्येक प्रदेश के भू-आकृतिक लक्षणों को स्पष्ट कीजिये। **[उत्तर सीमा: 250 शब्द]**
By giving the basis of your classification, divide Uttarakhand Himalaya in to macro physiographic regions and illustrate geomorphic characterstics of each region. **[Answer Limit : 250 Words]**